CLASS NOTES-ANSWERS

अभ्यास

पाठ ज्ञान

1) नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दो।

मौखिक

(क)माँ ने चाँद को किसकी कहानी सुनाई?

उत्तर: माँ ने चाँद को ऐसप की कहानी सुनाई।

(ख)ऐसप किसका गुलाम था?

उत्तर: ऐसप यूनान के राजा का गुलाम था।

(ग)राजा ने कहाँ जाने का निश्चय किया?

उत्तर: राजा ने तीर्थस्थान पर जाने का निश्चय किया।

लिखित

(क) ऐसप तीर्थस्थानों पर क्यों घूम सका?

उत्तर: ऐसप ने रोटियों का गट्ठर उठाया था जो जल्दी ही खाली हो गया था जिस कारण वह तीर्थस्थानों पर घूम सका।

(ख) ऐसप राजा का कृपापात्र कैसे बना?

उत्तर: ऐसप राजा का कृपापात्र अपनी सूझबूझ और बुद्धिमानी के कारण बना।

(ग) ऐसप ने मूर्तियों की विशेषताएँ कैसे जानीं?

उत्तर: ऐसप ने तिनकों की मदद से मूर्तियों की विशेषताएँ जानीं। ऐसप ने प्रत्येक मूर्ती के कान में एक-एक तिनका डाल दिया। जिस मूर्ती का तिनका कान से पेट में चला गया उसे उत्तम बताया। जिसका तिनका मुँह से बाहर निकला उसे दूसरा और जिसका तिनका दूसरे कान से बाहर निकला उसे तीसरा स्थान दिया।

2) सही उत्तर चुनकर(√) का निशान लगाओ।

THE GARDEN SCHOOL Anakkal P.O. Kanjirappally 686 508

(क)राजा के पास मूर्तियाँ किसने भेजें?

मित्र ने ✓पडोसी राजा ने रानी ने

(ख)ऐसप ने मूर्तियों का निरीक्षण किससे किया?

लेंस से आँखों से ✓तिनके से

3) किसने कहा? किससे कहा ?

(क)“क्या तुम इतना बड़ा गट्ठर उठा सकोगे?”

उत्तर: राजा ने ऐसप से कहा।

(ख)“आज्ञा हो तो मैं भी प्रयत्न करूँ?”

उत्तर: ऐसप ने राजा से कहा।

(ग)“आज मैं तुम्हें ऐसप की कहानी सुनती हूँ।“

उत्तर: माँ ने चाँद से कहा ।

4) सही वाक्य पर (√)और गलत वाक्य पर (×)का चिह्न लगाओ।

(क)ऐसप यूनान का राजा था । X

(ख)ऐसप अकेला तीर्थायात्रा केलिए निकला । X

(ग)राजा ऐसप की बुद्धिमानी से प्रभावित हुआ। ✓

(घ)मूर्तियों का अंतर बतानेवाले को मुँहमाँगा पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई। ✓

भाषा ज्ञान

1) पढो और समझो।

इन वाक्यों में से विशेषण शब्द चुनकर लिखो।

(क)राजा ने तीन मूर्तियाँ भेजीं। तीन

(ख)माँ! पहली मूर्ति क्यों श्रेष्ठ मानी गई? पहली

(ग)महाराज! मुझे कुछ तिनके चाहिए। कुछ

(घ)मैं नई कहानी सुनना चाहता हूँ। नई

THE GARDEN SCHOOL Anakkal P.O., Kanjirappally 686 508

2) नीचे दिए शब्दों के विलोम शब्द लिखो।

गुलाम	×	आजाद	विश्वास	×	अविश्वास
निश्चय	×	अनिश्चय	निराशा	×	आशा
पुरस्कार	×	तिरस्कार, दंड	स्वतंत्र	×	पराधीन, गुलाम
उपस्थित	×	अनुपस्तित	प्रसन्न	×	दुखी

3) हिंदी में अनुवाद करो।

(क)Aesop was a slave of the king of Greece.

ऐसोप यूनान के राजा का गुलाम था।

(ख)I am not able to sleep.

नींद नहीं आ रही।

(ग)I tell you the story of Aesop.

में तुम्हें एसोप की कहानी सुनाती हूँ।

(घ)Please do not worry.

आप चिंता न करें।

THE GARDEN SCHOOL ★ Anakkal P.O. Kanjirappally 686 508 ★

4) नीचे दिए शब्दों के वचन बदल कर लिखो।

सब्जी-सब्जियाँ

रोटी-रोटियाँ

कहानी-कहानियाँ

मूर्तियाँ-मूर्ती

तिनके-तिनका

उँगली-उँगलियाँ